गजेन्द्र सिंह शेखावत
Gajendra Singh Shekhawat

D.O.No.M/61/1/2021-NWM-MOWR

सत्यमेव जयते

जल शक्ति मंत्री
भारत सरकार
Minister for Jal Shakti
Government of India

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

09 JUL 2021

श्री विजय भाई रूपाणीजी,

जैसा कि आप जानते हैं कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने 22 मार्च, 2021 को जल संचयन के लिए "जल शक्ति अभियान: कैच द रेन" अभियान लांच किया था। इस अभियान का थीम है "जब पानी बरसे, जहां भी बरसे, वर्षा जल संचयन"। यह अभियान, देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के सभी जिलों को कवर करता है। इसका उद्देश्य जल संरक्षण है जिसमें भूजल की कमी से निपटने के लिए जल संचयन संरचनाओं (WHS) की वैज्ञानिक योजना बनाना भी शामिल है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने 25 मार्च, 2021 को इस अभियान के संबंध में सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखे हैं।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि कोरोना महामारी के बावजूद, अभी तक 25,000 करोड़ रूपये से अधिक के कई कार्य शुरू किए गए हैं। मुख्य रूप से मनरेगा (MGNREGS), अमृत (AMRUT) और राज्य निधि का इस्तेमाल करके पिछले 3 महीनों में विभिन्न परियोजनाओं को पूरा किया गया है। इनका विवरण अभियान के लिए विकसित किए गए वेब पोर्टल http://jsactr.mowr.gov.in पर उपलब्ध है। जल शक्ति मंत्रालय (एमजेएस) के राष्ट्रीय जल मिशन (एनडब्ल्यूएम) के साथ समन्वय के लिए राज्य नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर अभियान का प्रबंधन कर रहे हैं।

इस अभियान में, सभी जल निकायों (जियो-टैग की गई तस्वीरों और महत्वपूर्ण सूचनाओं के साथ)की एक सूची बनाने और नए वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर (WHS) की वैज्ञानिक योजनाएं बनाने के लिए इसका इस्तेमाल करने की योजना है। जिलाधिकारियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर दिशानिर्देश जल शक्ति मंत्रालय की तरफ से पहले ही साझा किए जा चुके हैं। अभियान के हिस्से के रूप में, सभी जिलों में जल शक्ति केंद्रों (जेएसके) की योजना बनाई गई है। ये जल शक्ति केन्द्र (जेएसके) जल ज्ञान के एकल बिंदु केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। जल शक्ति केन्द्र (जेएसके) वर्षा, भूजल उपलब्धता, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर के निर्माण और रखरखाव की जानकारी व तकनीकी मार्गदर्शन देंगे। ये केंद्र, जल संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों के प्रयासों के बीच समन्वय में मदद करेंगे। इस मामले में सभी जल मुद्दों पर जिलाधिकारियों के लिए व्यापक सूचना संसाधन व्यक्ति के रूप में भी कार्य करेंगे। जल संचयन संरचनाओं (WHS) की कुशल वैज्ञानिक योजना और जल शक्ति केन्द्रों (JSK) की स्थापना के लिए, जल शक्ति मंत्रालय प्रति जिले 2 लाख रुपये तक प्रदान कर रहा है।

जल शक्ति अभियान
संचय जल, बेहतर कल

2/...

Office : 210, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi - 110 001
Tel. : No. (011) 23711780, 23714663, 23714200, Fax : (011) 23710804
E-mail : minister-jalshakti@gov.in

सत्यमेव जयते



वैज्ञानिक योजनाएं बनाने की तैयारी, मोबाइल ऐप और नेशनल वेब पोर्टल के उपयोग पर चर्चा करने के लिए, जल शक्ति मंत्रालय की तरफ से सभी जिलाधिकारियों के साथ शीघ्र ही एक वीडियो कॉन्फ्रेंस (VC) की योजना बनाई गई है।

मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया सभी संबंधितों को वीडियो कांफ्रेंस (VC) में शामिल होने के निर्देश जारी करें। साथ ही संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित करें और जल शक्ति अभियान में जनभागीदारी को प्रेरित करें।

**सादर,** जयहिन्द।

**भवदीय,**

**(गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

**श्री विजय रूपाणी**
माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात
नया सचिवालय, गांधी नगर- 382010
गुजरात